an>

Title: Need to take steps to make Wardha and Devli cities in Maharashtra pollution-free.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा): मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के एम.आई.डी.सी. देवली में स्थापित कुछ मिलें एवं कई अन्य रोलिंग मिलें प्रदूषण फैला रही हैं साथ ही साथ वर्धा में भी रोलिंग मिलें काफी प्रदूषण फैला रही हैं।

इन दोनों जगहों पर स्थित रोलिंग मिलों के साथ-साथ अन्य औद्योगिक इकाईयां प्रदूषण फैला रही हैं जिसके कारण आसपास 10 किमी. की परिधि में निवास करने वाले आम नागरिकों, विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है एवं वे अनेक रोगों से ग्रसित हो रहे हैं, जो बहुत ही चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही साथ इन प्लांटों में काम करने वाले कामगारों की कार्यावधि में असामयिक मृत्यु (दुर्घटना) होती रही है किंतु कोई भी मुआवजा मृतक के परिवार को नहीं मिलता है।

माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से वर्धा एवं देवली को प्रदूषणमुक्त शहर घोषित करने हेतु जो भी उचित कदम हो वे उठायें साथ ही साथ प्लांट में हुई दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु को प्राप्त हुए कामगारों के आश्रितों को मुआवजे के साथ-साथ नौकरी भी दिलाने की कृपा करें।